Total Pages : 8

H-7543

M.A. (Semester-IV) Examination, July 2022

प्रयोजनमूलक हिन्दी

(लोकवार्ताः संचयन एवं प्रकाशन)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 70

Minimum Passing Marks : 25

निर्देशः यह प्रश्न-पत्र चार इकाईयों में विभाजित हैं। सभी चार इकाईयों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अंकों का विभाजन प्रत्येक इकाई में दिया गया है।

इकाई-अ

निर्देशः किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। [1×10=10]

1. (i) डॉ. सत्येन्द्र का योगदान किस क्षेत्र में माना जाता है?

(ii) पश्चिम बंगाल का लोक नृत्य कौन-सा है?

(iii) रामलीला का सम्बन्ध किय क्षेत्र से है?

(iv) विदेशी विद्वान जार्ज ग्रियर्सन द्वारा लोक साहित्य के किस क्षेत्र में विशेष योगदान है?

(v) 'लोक साहित्य की भूमिका' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(vi) निम्नलिखित लोक नाट्य नौटंकी कहाँ का लोक नृत्य है :

(क) बंगाल

(ख) गुजरात

(ग) उत्तर प्रदेश

(घ) राजस्थान

(vii) हारदौल लोकगाथा का विषय है :

(क) प्रेम प्रधान

(ख) विनोद प्रधान

(ग) शृंगार प्रधान

(घ) वीरता प्रधान

(viii) कजरी गीत विशेष रूप से किस महीने में गाया जाता है?

(क) कार्तिक

(ख) माघ

(ग) श्रावण

(घ) वैशाख

(ix) जो गीत मुंडन के समय गाए जाते हैं, उसे कहते हैं :

(क) श्रम सम्बन्धी गीत

(ख) संस्कार सम्बन्धी गीत

(ग) जाति सम्बन्धी गीत

(घ) विवाह सम्बन्धी गीत

(x) 'भोजपुरी और उसका साहित्य' नामक पुस्तक के लेखक हैं :

(क) डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय

(ख) डॉ. वासुदेव उपाध्याय

(ग) आचार्य बलदेव उपाध्याय

(घ) डॉ. रविशंकर उपाध्याय

(xi) मगही का विकास किससे हुआ है?

(क) बुंदेली

(ख) अर्धमागधी

(ग) मागधी

(घ) कन्नौजी

(xii) 'हिन्दी साहित्य का बृहद इतिहास' का 'लोक साहित्य' खंड का प्रकाशन किया गया है :

(क) हिन्दी साहित्य सम्मेलन-प्रयाग

(ख) हिन्दुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद

(ग) नागरी प्रचारिणी सभा, काशी

(घ) बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्-पटना

इकाई-ब

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का हैं। [2×5=10]

2. (i) वर्तमान में लोकनाट्य की प्रासंगिकता बताइए।

(ii) लोक साहित्य के विभिन्न लोकगीतों का विभाजन कीजिए।

(iii) लोक साहित्य में लोक कथा से आपका क्या अभिप्राय है?

(iv) लोक गाथा की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(v) लोक कथाओं में कथानक रूढ़ियों से आप क्या समझते हैं?

(vi) लोक साहित्य में लोकगीतों के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

(vii) लोक साहित्य के क्षेत्र में प्रमुख लोक साहित्यकारों के योगदान को बताइए।

इकाई-स

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर **250** शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। [4×5=20]

3. (i) आख्यान गीत के बारे में सोदाहरण बताइए।

(ii) आप लोक कथा से क्या समझते हैं? परी कथाओं के बारे में बताइए।

(iii) आल्हा लोक गाथा से आपका क्या अभिप्राय है?

(iv) प्रमुख रूप से प्रचलित लोक साहित्य के विभिन्न अंगों पर प्रकाश डालिए।

(v) असंकलित लोक साहित्य का सर्वेक्षण और पाठ संपादन कैसे किया जाता है?

(vi) लोकनाट्य शब्द का क्या अर्थ है? लोकनाट्य के विभिन्न रूपों को बताइए।

(vii) लोक साहित्य के अध्ययन की उपयोगिता का उल्लेख कीजिए।

इकाई–द

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर **500** शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न **10** अंकों का है। [3×10=30]

4. (i) लोकगीत से क्या तात्पर्य है? संस्कार गीत और धार्मिक गीत के बारे में सोदाहरण बताइए।

(ii) लोक कथा का अर्थ बताते हुए बोध कथा और भूत–प्रेत कथा के बारे में बताइए।

(iii) लोकभाषा को परिभाषित करते हुए अवधी तथा बुंदेली के विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(iv) नौटंकी का अर्थ बताते हुए रामलीला तथा रासलीला की लोकप्रियता पर प्रकाश डालिए।

----x----